|| ॐ साईं राम ||



"It is not good to argue; do not try to compete with each other. Always think of one's own (permanent) good and God will protect you."


- **Year-** 17 **Issue-** 46
  Ghaziabad, Sunday, 12 April- 2026
- 12 April to 18 April- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Dheeraj Kumar
- **Mob.:** 9871895198
- **Rate.:** 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in


Page 2



Page 5




Page 8



## रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

# नोएडा में टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण सहायता वितरित












**प्रतीक भार्गव**

**नोएडा।** रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नोएडा में 25 टीबी (क्षय रोग) मरीजों के लिए निःशुल्क पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व आईआरसीटीसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट की सक्रिय भागीदारी रही। यह पहल एक सतत साप्ताहिक एवं मासिक सेवा परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को अपनाया जा चुका है। आयोजकों के अनुसार इस निरंतर प्रयास का मुख्य उद्देश्य भारत से क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन में योगदान देना है, ताकि मरीजों को उपचार के दौरान उचित पोषण, देखभाल और सहयोग मिल सके। ऐसे प्रयास न केवल मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाने और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को भी सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. राघवेंद्र सिंह (जिला क्षय रोग अधिकारी, नोएडा), डॉ. धीरज भार्गव (अध्यक्ष, रहम फाउंडेशन) सहित डीटीओ कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज सेवा, सहयोग और स्वास्थ्य जागरूकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग से

# भारत गौशाला में हराचारा वितरण का 25वां सप्ताह संपन्न

**मनीषा भार्गव**









**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित भारत गौशाला, कनवानी में गायों एवं बैलों के लिए हराचारा वितरण का सेवा कार्यक्रम निरंतर जारी है। यह पहल आरएचएएम फाउंडेशन एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से संचालित की जा रही है। अक्टूबर 2025 से प्रत्येक बुधवार को आयोजित हो रहे इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हराचारा वितरण का 25वां सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पहल पशु कल्याण और गौसेवा के प्रति रोटरी संगठनों की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर आरटीएन. मनीषा भार्गव, आरटीएन. अजय चौधरी, आरटीएन. विद्या त्यागी, आरटीएन. संदीप अग्रवाल, आरटीएन. प्रतीक भार्गव, डॉ. धीरज कुमार भार्गव तथा विक्रम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा परियोजना गौशाला में आश्रित गायों और बैलों को नियमित पोषण उपलब्ध कराने तथा पशु कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर चलाई जा रही है।

# Editorial

## The Ceasefire on 'Life Support'

The ceasefire between the U.S. and Iran is currently on 'life support.' It is technically alive—still breathing—yet it could breathe its last at any moment. This, in essence, summarizes the state of the ceasefire after just two days. If a peace agreement cannot be reached between these two nations, or if the ceasefire ceases to be 'sincere,' then a 'war of mass destruction' should be considered all but inevitable; for America's massive warships, fighter jets, missiles, drones, and troops are already stationed right there in the Middle East. Within mere hours of the ceasefire taking effect, Israel rained down approximately 160 bombs on several Lebanese cities—all within a span of just ten minutes. Consequently, more than 303 innocent, blameless people were killed, and over 1,500 were injured. Furthermore, multi-story buildings were reduced to rubble. This is according to official data. The heart-wrenching screams echoing across the streets of Lebanon have repeatedly raised a haunting question in one's mind: Why is Prime Minister Netanyahu so bent on committing 'mass genocide'? Is he not a human being? Or is it that a monster has merely donned a human mask? If Netanyahu were to win an election and return to the premiership on the back of such massacres, humanity itself would spit upon him. This murderer, too, will have his day—a day when it will take but a few fleeting moments for him to become a corpse himself! Israel is a friendly nation to India; however, India has never, and will never, endorse acts of genocide. The pertinent question here is not whether or not Lebanon falls within the specific scope of the ceasefire agreement. The true concern and issue at hand is that, in the wake of this massacre, the ceasefire itself has been pushed onto 'life support.' Iran is seething with outrage. Mohammad Bagher Ghalibaf, the Speaker of the Iranian Parliament, maintains that three of the ten core tenets of the ceasefire agreement have been flagrantly violated; consequently, he argues, any further peace negotiations or agreements have been rendered utterly meaningless. Iran alleges that the United States is waging war through Israel, despite the declaration of a ceasefire. The contradictions between the U.S. and Iran remain unchanged regarding the most critical aspects of Iran's nuclear program—specifically uranium enrichment and the ultimate goal of becoming a nuclear-armed state. Iran views its nuclear program as a sovereign right, whereas the U.S. is adamant about either destroying Iran's enriched uranium or having it transported out of the country.

**Manisha Bhargava**

## Semi-Final Results: 16th Hockey India Sub Junior Women National Championship 2026 Ranchi, Jharkhand

### Hockey Madhya Pradesh beat Hockey Association of Odisha 2-1 in semi-final 1







**Prateek Bhargava**

**Ranchi.** Hockey Madhya Pradesh and Hockey Jharkhand secured their places in the gold medal match after winning their respective semi-final fixtures in Division kAl of the 16th Hockey India Sub Junior Women National Championship 2026 in Ranchi, Jharkhand, which is supported by Anandana, the Coca-Cola India Foundation. In the first semi-final of Division kAl, Hockey Madhya Pradesh defeated the Hockey Association of Odisha 2-1. For the winners, Keshar Bhabar (58l) and Nousheen Naz contributed one goal each to guide their team to victory. For Odisha, captain Rubina Baxla (27l) was the lone goalscorer. In the second semi-final of Division kAl, Hockey Jharkhand defeated Uttar Pradesh Hockey 2-0. The home teamls clinical performance was fueled by goals from Rejina Kullu (25l) and Sandeepa Kumari (43l), ensuring their spot in the summit clash. In the championship final, Hockey Madhya Pradesh will face off against Hockey Jharkhand, while Hockey Association of India will play against Uttar Pradesh Hockey in the third-place match. Both matches will be played on Sunday, April 12, 2026.

# Ganapathy moves two shots clear of Baisoya at AM Green AM GREEN IGPL Mauritius hosted by Leander Paes


### Ridhima Dilawari is the top woman pro after two days


### Pellegrin is the top Mauritius in the field











**Prateek Bhargava**

**Port Louis, Mauritius.** Veer Ganapathy (67-69) turned in a superb finish for the second day in succession to move into sole two-shot lead after the second day of the AM Green AM GREEN IGPL Invitational 2026 Mauritius hosted by Leander Paes at the picturesque Anahita Golf Course.

Overnight co-leader Sachin Baisoya (67-71) slipped on the very last hole of the second round, and it gave Ganapathy the pole position and put himself in a prime place to make a bid for the title. The 18-year-old left-handed Bangalore golfer, who shot 67 on Day 1, was even par after the front nine at the Anahita Golf Course but landed three birdies on the back nine. They included birdies on the 16th and the 18th, to card 3-under 69 and moved to 8-under total after 36 holes. The first-round co-leader Baisoya (67-71), who was tied for the lead after 17 holes, bogeyed the Par-5 18th and his playing partner Ganapathy birdied it. That two-shot swing saw Ganapathy move into sole lead by two shots as Baisoya fell to 6-under. There were three other players former two-time All India Amateur champion Aryan Roopa Anand (71-70), Ridhima Dilawari (69-72) and Milind Soni (69-72) at 3-under for two rounds and are Tied-third.

None of the top five have tasted success on the AM Green AM GREEN IGPL but the next two at 2-under total and Tied-sixth, Aman Raj (73-69) and Kapil Kumar (74-68) did win in the 2025 season. In the team competition RVR Delhi moved into the top spot with a two-round two-player total of 7-under, while Phoenix Hyderabad are second at one shot behind alongside Atri Mumbai.

With the conditions at Anahita continuing to be challenging, only four other players, WGAI pro Amandeep Drall (69-74), Udayan Mane (70-73), rookie Sukhman Singh (71-72) and Shaurya Binu (75-68) were under par at 1-under total each. They were Tied-eighth. Only a total of 12 players are in red numbers, indicating how challenging the course has been with the windy conditions and demanding greens. Among the big stars, who were outside Top-10 of the scoreboard were 2025 AM GREEN IGPL Rankings topper, Pukhraj Gill (72-72), SSP Chawrasia (73-71) and Gaurav Ghei (74-70) at T-12; Shiv Kapur (70-73) at T-20; Karandeep Kochhar (73-73) at T-22 and Gaganjeet Bhullar (73-74) at T-29. The top local player was the 27-year-old Pierre Pellegrin, who also plays on the Sunshine Tour in South Africa. Pellegrin after a first round of 8-over 80 bounced back with the days with card of 8-under 64 to rise to T-12 at even par for two days. He moved up 43 places with his second round which was 16 shots better than his first round. With just one more round to go in the second event of the 2026 calendar, there are just 18 holes between Ganapathy, and a breakthrough win as a professional. Last season, Veer, son of former Indian Tour pro, Rahul Ganapathy, who is his coach, was twice runner-up. Now he has a handy lead of three shots over. Ganapathy said, kI have been putting well and that worked for me again today, especially on the back nine. I have contended in the past and I know the more I put myself in this position the more chances I will have,l said Veer, who was adjudged as the kYoung Turkl of the 2025 AM GREEN IGPL season. Chasing him hard is kMr. Consistentl Baisoya, whose closing hole bogey was magnified by Ganapathyls birdie on the same hole. Baisoya had multiple finishes in Top-3 last season and was fourth in 2025 AM GREEN IGPL Rankings. The former National Games gold medallist has won four times as a pro in India but is looking for his first win on the AM Green AM GREEN IGPL Tour. He knows a two-shot lead can disappear in just a hole and he will need a good and consistent start to have a chance to lift a AM Green AM GREEN IGPL Trophy for the first time. Aryan Roopa Anand at one stage looked like getting close to Ganapathy, but a closing triple bogey on the tricky Par-5 18th brought him down from 5-under for the day to 2-under. He has a 3-under total for two days and is tied third place. Milind Soni is eyeing his first Top-10 finish in the AM Green AM GREEN IGPL and Ridhima is the top woman in the field as Amandeep Drall dropped to Tied-eighth. With the course and weather conditions being rather challenging, the final day could be a humdinger and mistakes can prove costly.

# अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, 23 लाख से अधिक मतदाता करेंगे लोकतंत्र में सहभागिता

## राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई मुद्रित एवं डिजिटल प्रति

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**



**गाजियाबाद।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित स्थलों पर अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराई गई, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ के निर्देशन में आयोजित बैठक में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों-आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी तथा अपना दल (सोनेलाल) के प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति मुद्रित रूप में तथा एक प्रति डिजिटल रूप में उपलब्ध कराई गई। मेरठ मंडल के आयुक्त एवं नामावली पर्यवेक्षक श्री भानू चन्द्र गोस्वामी द्वारा भी अंतिम मतदाता सूची की समीक्षा की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक विभिन्न स्तरों पर निरंतर बैठकें आयोजित कर राजनीतिक दलों से सुझाव प्राप्त किए गए। इस अवधि में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कुल 24 बैठकें तथा निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा 17 बैठकें आयोजित की गईं। आमजन की शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण हेतु जिला संपर्क केंद्र के निःशुल्क दूरभाष क्रमांक 1950, निर्वाचन आयोग के शिकायत निवारण पोर्टल तथा बीएलओ से संवाद सुविधा पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए।

प्राप्त सभी शिकायतों एवं सुझावों का समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 मार्च 2026 के मध्य प्राप्त आवेदनों में नए मतदाता पंजीकरण, नाम विलोपन तथा संशोधन संबंधी हजारों आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें परीक्षण के उपरांत अंतिम मतदाता सूची में सम्मिलित कर लिया गया है। जनपद गाजियाबाद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर एवं धौलाना (आंशिक) के कुल 3358 मतदान केंद्रों पर प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार पुरुष मतदाताओं की संख्या 13,19,238, महिला मतदाताओं की संख्या 10,42,330 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 134 है। इस प्रकार जनपद में कुल 23,61,702 मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के पात्र होंगे। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय तथा जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सेवा वेबसाइट पर भी नागरिक अपने नाम की खोज कर सकेंगे। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और किसी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक पात्र नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना प्राथमिकताः सीएम योगी





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात ₹1178.93 करोड़ रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान ₹109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव तथा डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस संबंध में हतकरघा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे।



## निटरा में सुरक्षात्मक वस्त्रों में नवाचार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# मिल्कवीड की खेती भारतीय किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी: गिरिराज सिंह

● केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह व यूपी मंत्री राकेश सचान ने किया सम्मेलन का उद्घाटन





**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय वस्त्र अनुसंधान संस्थान (निटरा) में गुरुवार को सुरक्षात्मक वस्त्रों में नवाचार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूप राशी, वस्त्र मंत्रालय की संयुक्त सचिव मनीषा चटर्जी, निटरा चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा तथा निटरा महानिदेशक डॉ. एम.एस. परमार सहित देशभर से आए उद्योगपति, शिक्षाविद, वैज्ञानिक और अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान केंद्रीय और प्रदेश के मंत्रियों ने निटरा परिसर में विकसित आकौआ (मिल्कवीड) की खेती का निरीक्षण किया और इसके वैज्ञानिक विकास की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह नवाचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला प्रयास है। मंत्रियों ने डॉ. एम.एस. परमार को मिल्कवीड फाइबर अनुसंधान का सूत्रधार बताते हुए उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियों की खुलकर प्रशंसा की। अपने स्वागत संबोधन में डॉ. परमार ने कहा कि यह सम्मेलन भारत को सुरक्षात्मक वस्त्र निर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं निटरा चेयरमैन विदित जैन ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निटरा देश की औद्योगिक और तकनीकी प्रगति में निरंतर योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्रियों द्वारा डॉ. परमार की मिल्कवीड पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया तथा मिल्कवीड आधारित प्रौद्योगिकी पर निर्मित वृत्तचित्र क्लोसेल जारी किया गया।

इसे किसानों और युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान दस्तावेज बताया गया। इसके साथ ही निटरा द्वारा विकसित स्वदेशी मशीन 'मिल्कवीड रेशा एवं बीज पृथक्करण यंत्रइ का अनावरण किया गया, जो पौधे के बीज और रेशे को अलग करने में सहायक है। उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. परमार ने गाजियाबाद की धरती को कर्मभूमि बनाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार निटरा और वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सुरक्षात्मक वस्त्रों का वैश्विक बाजार लगभग 40 अरब डॉलर का है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच वस्त्र क्षेत्र ने लगभग पांच करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान किया है और देश में दो लाख से अधिक स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। उन्होंने निटरा द्वारा मिल्कवीड फाइबर और पराली से रेशा निकालने की तकनीक को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उनके अनुसार मिल्कवीड फाइबर अत्यंत हल्का होने के साथ माइनस 30 डिग्री तापमान में भी गर्माहट बनाए रखने की क्षमता रखता है। ओडिशा में एक स्वयंसेवी संस्था के साथ समझौते के तहत 50 एकड़ क्षेत्र में इसकी खेती शुरू की जा रही है, जिससे लगभग 50 टन रेशा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को प्रति एकड़ डेढ़ से दो लाख रुपये तक आय मिलने की संभावना व्यक्त की गई है तथा एक बार रोपण करने पर यह फसल लगभग दस वर्ष तक उत्पादन देती है। मंत्री ने बताया कि मिल्कवीड फाइबर से शाकाहारी चमड़ा भी विकसित किया जा रहा है, जो प्राकृतिक और कृत्रिम सामग्री से बने पारंपरिक चमड़े का पर्यावरण अनुकूल विकल्प होगा। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उद्योगों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वस्त्र क्षेत्र में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने असम और पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर भी टिप्पणी करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जीत का विश्वास जताया। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में देशभर के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों ने अपने शोध प्रस्तुत किए तथा सुरक्षात्मक वस्त्रों के भविष्य, नवाचार और उद्योग विकास पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एम.एस. परमार ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों तथा सम्मेलन के प्रायोजक राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन और मिशन निदेशक श्री अशोक मल्होत्रा का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## आवास विकास के अधीक्षण अभियंता से क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक संजीव शर्मा ने मुलाकात की

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** आवास विकास के अधीक्षण अभियंता श्री अजय मित्तल जी से क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

इस दौरान नाली, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों के रख-रखाव तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यकरण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत रूप से बात की गई। साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण और क्षेत्र के समग्र विकास हेतु आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर संजीव शर्मा जी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधाओं का ध्यान रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए, जिससे जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

वहीं मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा जी ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को निरंतर प्रशासन के समक्ष उठाया जा रहा है और जनहित से जुड़े हर मुद्दे का समाधान सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

# महापौर सुनीता दयाल ने 2.85 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास

## लाखों लोगों को मिलेगा लाभ, जलभराव और पेयजल समस्या से मिलेगी राहत

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल ने विभिन्न वार्डों में लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना कर तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विकास कार्यों की शुरूआत की गई।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है। विजय नगर हो या इंदिरापुरम, सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति, नालों के निर्माण, सड़कों के निर्माण



एवं मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। शिलान्यास किए गए कार्यों में वार्ड-23 कैलाशनगर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में सीसी सड़क और आरसीसी नाली निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण तथा नाला निर्माण शामिल हैं।

वहीं वार्ड-79 इंदिरापुरम न्याय खंड में चार और छह इंच की नई पेयजल लाइन बिछाने का कार्य भी शुरू किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर जलापूर्ति सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा वार्ड-3 पुराना विजय नगर सब्जी मंडी क्षेत्र में आरसीसी नाला निर्माण तथा वार्ड-32 हरवंश नगर में सड़क निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि इन विकास परियोजनाओं से शहर के लाखों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। जलभराव की समस्या दूर होगी, पेयजल आपूर्ति बेहतर बनेगी और आवागमन के लिए सुचारू एवं सुरक्षित सड़कें उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य हर वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाना और शहर को व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना है। कार्यक्रम में पार्षद हरीश कड़ाकोटी, पार्षद सुभाष चौधरी, पार्षद भागवत स्वरूप, पूर्व पार्षद सुनीता सिंह, राम सिंह, रानी देव श्री, शिव मोहन गर्ग, वीरेंद्र कुमार कंडेरा, राहुल, अनिल स्वामी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# नामित पार्षदों ने नगर आयुक्त संग बनाई कार्ययोजना

## आंतरिक वार्डों में सफाई, निर्माण और जलकल कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने पर जोर

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में शहर के समग्र विकास को लेकर गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें नामित पार्षदों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात कर आंतरिक वार्डों के विकास संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने सभी नामित पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने, आंतरिक वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने तथा निर्माण विभाग



और जलकल विभाग के कार्यों की प्रभावी निगरानी बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। पार्षदों ने सुझाव दिया कि नगर निगम की योजनाओं का लाभ अंतिम वार्ड तक पहुंचे, इसके लिए नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग प्रणाली को सुदृढ़ किया जाए। नामित पार्षद अंकुश अरोड़ा, प्रदीप चौधरी, सुमन सिंह, सुनील यादव, परमजीत सिंह, संजय रावत, श्याम शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने नगर आयुक्त से संवाद करते हुए अपना परिचय दिया तथा जनहित में किए जा रहे सामाजिक और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। पार्षदों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को भी उठाया और समाधान के लिए संयुक्त कार्य प्रणाली अपनाने का प्रस्ताव रखा।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम में निर्वाचित 100 पार्षदों के साथ-साथ 10 नामित पार्षद भी शहर हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंतरिक वार्डों में विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए नामित पार्षदों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और जनसमस्याओं के समाधान हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को भी निर्देशित किया गया कि नामित पार्षदों द्वारा बताए गए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाया जाए।

नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों और पार्षदों को मिलकर काम करने की अपील करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सामूहिक प्रयास से ही शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और विकसित बनाया जा सकता है।

नगर निगम मुख्यालय में हुई इस बैठक को शहर के विकास कार्यों में नई पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आंतरिक वार्डों तक योजनाओं की पहुंच और निगरानी दोनों मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# दिल्ली के सबसे पहले अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह की वापसी

## दिल्ली अंतराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल की आधिकारिक घोषणा

### 4 से 8 मई को नई दिल्ली में आयोजन अडूर गोपाल कृष्णन करेंगे उद्घाघाटन दिल्ली का पहला और अकेला अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह है डिफ










**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के अधीन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) और द सोशल सर्किल द्वारा आयोजित होने वाले 15वां दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह 2026 की औपचारिकरूप से घोषणा हो गयी । राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह 4 मई से 8 मई 2026 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (DAIC) जनपथ दिल्ली में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। डिफ के नाम से दुनिया भर में जाना जाने वाला दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह इस वर्ष और अधिक व्यापक और वैश्विक स्वरूप में सामने आ रहा है, जिसमें 60 से अधिक देशों की 175 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही 100 से अधिक कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।

समारोह का उद्घाटन दादा साहब फाल्के पुरस्कार विजेता विख्यात मलयालम फिल्मकार अडूर गोपालकृष्णन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बंगाली सिनेमा के महान अभिनेता उत्तम कुमार की जन्मशती पर विशेष श्रद्धांजलि दी जाएगी। वहीं मोरक्को के प्रसिद्ध फिल्मकार मोहम्मद आहेद बेन्सौदा को सम्मानित करते हुए उनकी चर्चित फिल्म 'द डिवोर्सिज ऑफ कासाब्लांका' प्रदर्शित की जाएगी। बांग्लादेश की ख्यातिप्राप्त गायिका रूना लैला को मीनार-ए-दिल्ली अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जबकि वरिष्ठ भारतीय गायिका उषा उथुप को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की बंगाली सिनेमा में वापसी को उनकी फिल्म 'पुरातनः द एनिशेंट' के माध्यम से विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा। रितुपेर्नो सेनगुप्ता द्वारा अभिनीत और निर्मित इस फिल्म को दुनिया भर में सराहा जा रहा है । समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अथिति के तौर पर शामिल होंगी।

इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा की प्रमुख हस्तियों की भी प्रभावशाली उपस्थिति रहेगी, जिनमें केतन मेहता, दक्षिण भारतीय निर्देशक और अभिनेत्री रेवती, रितुपर्णो सेनगुप्ता, श्वेता मेनन, हिमानी शिवपुरी, राजपाल यादव, रघुवीर यादव, पियूष मिश्रा, यशपाल शर्मा और मुकेश तिवारी जैसे नाम शामिल हैं। इसके साथ ही लेबनान की सुपरस्टार मारवा करौनी, अफगानिस्तान की अभिनेत्री मलालाई ज़िक्रिया, ओमान की मारवत यूसुफ अल-बलुशी, मिस्त्र की नानेस अयमान, मोरक्को की मालक दहमूनी और बांग्लादेश के अशरफ शिशिर सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय कलाकार और फिल्मकार इस आयोजन में भाग लेंगे, जिससे यह समारोह एक वैश्विक सांस्कृतिक संगम का रूप लेगा।

समारोह में विश्व स्तर पर ख्यात रूस की प्रमुख फिल्म संस्था रोस्किनो और मोजाम्बिक का राष्ट्रीय फिल्म संस्थान सहयोगी भागीदार के रूप में जुड़ रहे हैं। इस फिल्म समारोह में रूस और चीन की फिल्मों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जायेगा जबकि अफ्रीकी सिनेमा को फोकस किया जा रहा है । पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में न केवल फिल्मों का प्रदर्शन होगा, बल्कि यह सिनेमा के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी नई दिशा देगा। उल्लेखनीय है कि इस मंच पर प्रदर्शित भारतीय खंड की कई फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं, जबकि कुछ अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को ऑस्कर तक भेजा गया है। इसके अलावा यह समारोह भारत और विश्व के बीच फिल्मी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसके तहत विभिन्न देशों के फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्म कार्यक्रम भेजे जाते रहे हैं।

समारोह में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। फिल्मों का चयन प्रसिद्ध फिल्म पत्रकार अनुराग पुनेठा, कवि और समीक्षक प्रमोद कौंसवाल और टीवी दुनिया का जानामाना नाम रीमा दिनेश कपूर द्वारा किया गया है। जबकि ज्यूरी की अध्यक्षता रमन चावला करेंगे। समारोह को लेकर आम लोगों लेकर फिल्म समीक्षकों में खासी दिलचस्पी बनी हुई है। प्रसिद्ध फिल्म समीक्षक प्रवीण भटनागर ने कहा है कि हाल के समय में दिल्ली में अन्य फिल्म समारोह हुआ जिससे गफलत पैदा हुई। इसलिए वर्गों में यह चर्चा रही है कि वह आयोजन इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह के पूर्व संस्करणों की संरचना और अवधारणा से प्रभावित या प्रेरित प्रतीत हुआ। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह को मिलते जुलते नाम से किया गया लेकिन इसकी भी राजधानी में धूम रही। जबकि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय फिल्म (डिफ) मौलिक, स्वतंत्र और अपने मूल स्वरूप को निरंतर बनाए रखने वाले मंच के रूप में देखा जाता है, जिसने वर्षों में अपनी अलग पहचान और विश्वसनीयता स्थापित की है।

दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और प्रेसिडेंट रामकिशोर पारचा का कहना है कि हमने विश्व सिनेमा के लिए इस बार जो भी श्रेणियां बनाई है हम उसे विश्वसनीय तरीके से पेश करेंगे जिसमें फिल्मों की वैश्विक परिस्थितियां तो इंगित होंगी ही फिल्म और समाज के आपसी ताने-बाने को लेकर विशेषज्ञों के साथ चचाएँ भी आयो भी आयोजित की जाएँगी। हम सिनेमा के इतिहास में जाएंगे और समाज की सच्चाई से सिनेमा को परखेंगे। हर वर्ष की तरह हमारी कोशिश होगी कि फिल्म समारोह का संदेश देश और दुनिया में मनुष्य और उसके संघर्षों के साथ उसकी जिजीविषा का खास आईना बन सके।

#### विशेष आकर्षणः अडूर गोपालकृष्णन करेंगे उद्घाटन

रूना लैला को 'मीनार-ए-दिल्ली अवार्ड'। उषा उथुप को लाइफटाइम अचीवमेंट। उत्तम कुमार जन्मशती पर श्रद्धांजलि। मोरक्को के फिल्मकार मोहम्मद आहेद बेन्सौदा को सम्मान।

#### वर्ल्ड सिनेमाः

- फीचर फिल्मः 21
- शॉर्ट फिल्मः 25
- डॉक्यूमेंट्रीः 12
- एनीमेशन (फीचर+शॉर्ट): 10
-म्यूजिक वीडियोः 1

#### एनआरआई फिल्म सेक्शनः

- फीचर फिल्मः 3
- शॉर्ट फिल्मः 9
- इंडियन शोकेस
- फीचर फिल्मः 11
- शॉर्ट फिल्मः 41
- डॉक्यूमेंट्रीः 7
- एनीमेशनः 8
- म्यूजिक वीडियोः 7

#### इंडियन शोकेस (सेंसर सार्टिफिकेट के साथ के साथ):

-फीचर फिल्मः 16
-शॉर्ट फिल्मः 2
- डॉक्यूमेंट्रीः 2
- कुल फिल्में: 175
- भागीदारीः 60 से अधिक देश

#### हस्तियों का लगेगा मेला

भारतीय फिल्म जगत से अडूर गोपालकृष्णन, केतन मेहता, शर्मिला टैगोर, रेवती, उषा उथुप, रितुपर्णो सेनगुप्ता, श्वेता मेनन, मेघना मलिक, हिमानी शिवपुरी, मुकेश तिवारी, राजपाल यादव, रघुवीर यादव, यशपाल शर्मा, पियूष मिश्रा, चित्तरंजन त्रिपाठी, राजेन्द्र गुप्ता। अंतरराष्ट्रीय मेहमानः रूना लैला (बांग्लादेश), मारवा करौनी (लेबनान), मलालाई ज़िक्रिया (अफगानिस्तान), मारवत यूसुफ अल-बलुशी (ओमान), नानेस अयमान (मिस्त्र), मालक दहमूनी (मोरक्को), अशरफ शिशिर (बांग्लादेश), गीतांजलि बौंगली (मॉरिशस), देविंदा कोंगाहेगे (श्रीलंका), जग परमार (कनाडा), आमेर सलमीन (यूएई), मारियाना कंडूमा (मोजाम्बिक), सैंड्रा ई कवार (जॉर्डन), मुजतबा सब्बार (अफगानिस्तान)

#### 175 फिल्में, 60+देशों की भागीदारी

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ। अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (DAIC) में आयोजित होने वाले इस समारोह में फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे दर्शकों और फिल्म समीक्षकों को सिनेमा के विविध आयामों को समझने का अवसर मिलेगा। समारोह में विश्व सिनेमा, भारतीय सिनेमा, एनआरआई सिनेमा, शॉर्ट फिल्म्स, डॉक्यूमेंट्री और विशेष रेट्रोस्पेक्टिव सेक्शन जैसी अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। विश्व सिनेमा खंड में विभिन्न देशों की समकालीन और क्लासिक फिल्मों का चयन किया गया है, जो सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को वैश्विक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती हैं। भारतीय सिनेमा खंड में क्षेत्रीय और मुख्यधारा दोनों प्रकार की फिल्मों को शामिल किया गया है, जिनमें नई कहानियों और प्रयोगधर्मी सिनेमा की झलक देखने को मिलेगी। एनआरआई सिनेमा श्रेणी विशेष रूप से प्रवासी भारतीय फिल्मकारों की रचनात्मकता को सामने लाने का मंच बनेगी, जहां पहचान, संस्कृति और वैश्विक अनुभवों की कहानियां प्रमुखता से उभरेंगी। समारोह में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों में कुछ विशेष प्रस्तुतियां पहले ही चर्चा का विषय बन चुकी हैं। मोरक्को के चर्चित फिल्मकार मोहम्मद अहद बेन्सौदा की फिल्म दि डिवोर्सिज ऑफ कासाब्लांका (The Divorcees of Casablanca) को खास तौर पर सराहा गया है, जो आधुनिक समाज में रिश्तों की जटिलताओं को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है। इसी तरह भारतीय खंड में चयनित कई फिल्में समकालीन सामाजिक बदलाव, पारिवारिक संरचना और व्यक्तिगत संघर्षों को बेहद प्रभावशाली ढंग से सामने लाने के लिए जानी जा रही हैं। शॉर्ट फिल्म और डॉक्यूमेंट्री श्रेणियों में भी कई ऐसी प्रविष्टियां शामिल हैं, जो अपने विषय, प्रस्तुति और तकनीकी उत्कृष्टता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता रखती हैं।

# एसडीएम लोनी के नेतृत्व में प्रदूषण फैलाने हुए वालों पर हुई कार्रवाई, 10 पकड़े

**टीबीसी संवाददाता**

**लोनी।** तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्रदूषणकारी इकाईयों द्वारा रात्रि में तार जलाने की प्राप्त शिकायतों एवं प्रदूषण के बढते स्तर के दृष्टिगत श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ जिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेशो के क्रम में दिनांक 08.04.2026 की रात्रि में तहसील लोनी के अमित विहार में श्री दीपक सिघनवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लोनी के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाकर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान 10 व्यक्तियो को मौके पर अवैध रूप से तार गलाकर धातु निकालते हुए पकडा गया। जिन्हे तत्काल पुलिस बल के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान दीपक सिंघनवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लोनी, श्रीमती रति गुप्ता, नायब तहसीलदार लोनी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान दीपक सिंघनवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी लोनी द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील लोनी क्षेत्रान्तर्गत अवैध/ प्रदूषणकारी इकाईयों का संचालन किसी भी दशा में नही होने दिया जायेगा तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।



# जयंता लाइटिंग ने 'ओरिस्टार' के साथ इलेक्ट्रिकल सेगमेंट में रखा बड़ा कदम; तमन्ना भाटिया बनीं ब्रांड फेस

**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** भारत – जयंता ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, जो पाँच दशकों से भी ज्यादा समय से लाइटिंग और इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग में बेहतरीन काम के लिए जाना जाता है, ने आधिकारिक तौर पर अपने नए ब्रांड ओरिस्टार के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही, ग्रुप ने पंखों और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के क्षेत्र में भी अपना विस्तार किया है। दिवंगत श्री काली शदान दास द्वारा 1967 में स्थापित, इस ग्रुप ने जयंता लैंप इंडस्ट्रीज के जरिए GLS (इनकैंडिसेंट) लैंप बनाने में अग्रणी के तौर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। इन वर्षों में, यह पूर्वी भारत के प्रमुख लाइटिंग निमार्ताओं में से एक बन गया है। ग्रुप ने जयंता ग्लास इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के तहत भारत की सबसे शुरूआती और सबसे बड़ी ग्लास शेल मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं में से एक भी स्थापित की, जो इनोवेशन और इंजीनियरिंग में इसकी मजबूत नींव को दशार्ता है। इन-हाउस रिसर्च और डेवलपमेंट पर लगातार ध्यान केंद्रित करते हुए, ग्रुप ने ऊर्जा दक्षता, स्थिरता और उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप अपनी तकनीक को लगातार अपग्रेड किया है। पूरे भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए, जयंता लैंप इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने जयंता लाइटिंग इनोवेशन LLP की स्थापना की, जिसका मुख्य ध्यान पूरे देश में मार्केटिंग, वितरण और ब्रांड विकास पर है।

## ओरिस्टार का लॉन्च

अपनी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए, जयंता लाइटिंग इनोवेशन LLP ने अब ओरिस्टार पेश किया है। यह एक आधुनिक, तकनीक-आधारित ब्रांड है जो घरों, दफ़्तरों और उद्योगों में इस्तेमाल के लिए भरोसेमंद, ऊर्जा-कुशल और सुंदर डिजाइन वाले पंखे और इलेक्ट्रिकल उपकरण उपलब्ध कराता है। ओरिस्टार इनोवेशन, टिकाऊपन और भविष्य के लिए तैयार इलेक्ट्रिकल समाधानों का प्रतीक है, जो दशकों की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और बाजार की गहरी समझ का लाभ उठाता है।

## उत्पाद की मुख्य विशेषताएं:




ऊर्जा-कुशलः इएए स्टार-रेटेड ओरिस्टार पंखे 46W से 28W के बीच बिजली की खपत करते हैं, जिससे पारंपरिक पंखों की तुलना में 50% तक बिजली की बचत होती है।

**'ओरिस्टार' बेहतर हवा का प्रवाहः** 360-400 की उच्च RPM रेंज तेज और लगातार हवा का प्रवाह सुनिश्चित करती है, यहाँ तक कि कम वोल्टेज की स्थितियों में भी।

**आकर्षक डिजाइनः** लकड़ी, मेटैलिक और मैट जैसी प्रीमियम फि निश की विस्तृत विविधता, साथ ही रिमोट कंट्रोल और IoT इंटीग्रेशन जैसी स्मार्ट विशेषताएं।

**आसानी से उपलब्धताः** 'ओरिस्टार' उत्पादों की पूरी श्रृंखला पूरे भारत के स्थानीय बाजारों में आसानी से उपलब्ध है।

**बिक्री के बाद सहायताः** 'ओरिस्टार' का पूरे देश में मजबूत सेवा नेटवर्क, जिसमें असली स्पेयर पाट्र्स की उपलब्धता और वारंटी के बाद की सहायता भी शामिल है।

**विस्तारित वारंटीः** यहाँ तक कि किफायती मॉडलों पर भी 36 महीने तक की वारंटी मिलती है। सेलिब्रिटी जुड़ाव

मशहूर फिल्म अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ओरिस्टार की ब्रांड मॉडल बनी हैं। लॉन्च के मौके पर, उन्होंने जयंता लाइटिंग के डायरेक्टर श्री मनीष गुप्ता को बधाई दी और ब्रांड के आगे के सफर में पूरी तरह से सहयोग करने और साथ मिलकर काम करने का अपना वादा दोहराया।

## लीडरशिप की बात

लॉन्च के मौके पर बोलते हुए, जयंता लाइटिंग के डायरेक्टर श्री मनीष गुप्ता ने कहाः 'ओरिस्टार' के साथ, हम इनोवेशन, क्वालिटी और प्रोडक्ट डेवलपमेंट में अपनी 50 साल से ज्यादा पुरानी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा मकसद पूरे भारत में ग्राहकों और चैनल पार्टनर्स के बीच मजबूत भरोसा बनाते हुए, बेहतर और एनर्जी-एफि शिएंट समाधान देना है।'

## आगे की सोच

'ओरिस्टार' के साथ, जयंता ग्रुप का मकसद पंखों और इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करना है, साथ ही क्वालिटी, सस्टेनेबिलिटी और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखना है।

# डीएम ने सुनीं समस्याएं, 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

## मुख्यमंत्री स्तर से हो रही लाइव मॉनिटरिंग, प्रशासन हुआ जवाबदेह

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन को आमजन से सीधे जोडऩे की दिशा में कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम एक बार फिर जनविश्वास का केंद्र बना। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनता दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान मानवीय संवेदनाओं का एक भावुक दृश्य उस समय देखने को मिला जब आकाश नगर निवासी श्रीमती ओमकारी ने अपनी बहू के उपचार हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अन्तोदय कार्ड और आयुष्मान कार्ड



बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराते हुए महिला को चेक प्रदान किया। सहायता प्राप्त कर महिला भावुक हो उठी और नम आंखों से जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डीएम साहब बहुत अच्छे हैं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर कार्रवाई शुरू कराई गई। जनता दर्शन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक जन शिकायतें सुनना अनिवार्य होगा तथा अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से लाइव जुड़कर शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट, एडीएम भूमि अध्याप्ति अवनीश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी जारी

**गाजियाबाद।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन)608/ रा०नि०आ०-3/पं०नि०/26-25/2026 दिनांक 10.04.26 के द्वारा अधिसूचना संख्या-354/रा०नि०आ०-3 / पं०नि० / 26-25/2025 दिनांक-19.02.26 को संशोधित करते हुए, त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सारणी निर्गत की गयी है। राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० द्वारा निर्गत निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार जनपद गाजियाबाद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्य सम्पादित किया जाएगाः-कार्यक्रम मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्रों/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिग, मतदाता क्रमांकन, रश्ठ आंवटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि की अवधि 17 अप्रैल, 2026 से 21 अप्रैल, 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन कार्यक्रम की अवधि 22 अप्रैल, 2026 है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करायेगें तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट पर भी यह कार्यकम प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगें तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं पर सख्त नजरः अपर्णा यादव ने किया विभिन्न संस्थानों एवं कार्यक्रमों का निरीक्षण

## वन स्टॉप सेंटर में लंबित मामलों पर नाराजगी, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शुक्रवार को जनपद गाजियाबाद के विभिन्न संस्थानों एवं कार्यक्रमों का निरीक्षण करते हुए महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े व्यवस्थागत पहलुओं की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों और महिला सहायता केंद्रों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने दौरे की शुरूआत करते हुए मा0 उपाध्यक्ष ने करहेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ महिला से ही






मजबूत होती है। उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषणयुक्त आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सेक्टर-23 स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मा0 उपाध्यक्ष ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 10 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। उन्होंने नवजात शिशुओं के परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए बेबी किट एवं मिठाई वितरित की और बेटियों के सम्मान एवं संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने वन स्टॉप सेंटर यूनिट-01 का भी दौरा किया, जहां महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। मा0 उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय एवं सहायता मिल सके। दौरे के अंतिम चरण में मा0 उपाध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं नवजात शिशुओं के परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बेबी किट का वितरण किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समुचित उपचार, स्वच्छ वातावरण और बेहतर देखभाल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जांच एवं इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशी वार्ष्णेय, विधि सह-परिविक्षा अधिकारी लोकेन्द्र सिंह तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीरज सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से**

# बिसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नोएडा में टीबी मरीजों को नि:शुल्क पोषण सहायता वितरित









**मनीषा भार्गव**

**नोएडा।** रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से बिसरख स्थित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 टीबी (क्षय रोग) मरीजों के लिए नि:शुल्क पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सेवा कार्य का नेतृत्व आईआरसीटीसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट की सक्रिय भागीदारी रही।

यह पहल एक सतत साप्ताहिक एवं मासिक सेवा परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को अपनाया जा चुका है। आयोजकों के अनुसार इस निरंतर प्रयास का मुख्य उद्देश्य भारत से क्षय रोग (टीबी) के उन्मूलन में योगदान देना है, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान उचित पोषण, देखभाल और सहयोग मिल सके। ऐसे प्रयास न केवल मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाने और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को भी सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. राघवेंद्र सिंह (जिला क्षय रोग अधिकारी, नोएडा), डॉ. सचिनंद मिश्रा (चिकित्सा प्रभारी, बिसरख), श्रीमती शिल्पा अरोड़ा (एसटीएस बिसरख), रविन्द्र भाटी (एसटीएलएस), देवेंद्र (प्रयोगशाला तकनीशियन), डॉ. सत्यार्थ राय (बिसरख) तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव उपस्थित रहे।

इसके साथ ही डॉ. धीरज भार्गव (अध्यक्ष, रहम फाउंडेशन) तथा डीटीओ कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज सेवा, सहयोग और स्वास्थ्य जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## विधिक जागरूकता को मिला बल, डीएलएसए में पीएलवी का विशेष प्रशिक्षण आयोजित



**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स (पीएलवी) के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण डीएलएसए सचिव संजय सिंह (द्वितीय) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी पीएलवी को विधिक सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

प्रशिक्षण के दौरान लोक अदालत एवं परमानेंट लोक अदालत की कार्यप्रणाली, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, एलएडीसीएस, धारा 12 के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा लीगल क्लिनिक योजना (प्रत्येक 5 गांवों पर एक क्लिनिक) के बारे में विस्तार से बताया गया।

इसके साथ ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत एवं सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई, जिससे आम जनता तक सेवाएं सरलता से पहुंच सकें। कार्यक्रम में पीएलवी जैसे दुर्गेश शर्मा, ममता, शुभम, अंकित त्यागी, माया चौहान, जितेंद्र, लज्जा यादव, नीलम वर्मा ताहिर एवं राहुल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। राहुल द्वारा पोर्टल संबंधी जानकारी विशेष रूप से साझा की गई। वहीं अंकित त्यागी द्वारा गांवों में जाकर हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने एवं कैंप आयोजित करने के अनुभव भी साझा किए गए।

प्रशिक्षण के दौरान सभी पीएलवी को उनके कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज के कमजोर वर्गों तक नि:शुल्क विधिक सहायता पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

## दस्तक अभियान की शुरूआत, 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**गाजियाबाद।** जिले में संचारी रोगों की रोकथाम और समय रहते मरीजों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार से 'दस्तक अभियान' की शुरूआत हो चुकी है। यह अभियान 30 अप्रैल तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान में एक हजार से अधिक टीमें सक्रिय रहेंगी, जो पांच लाख से ज्यादा घरों तक पहुंचकर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और स्क्रब टायफस जैसे संचारी रोगों के संदिग्ध मरीजों की पहचान करेंगी। टीमों द्वारा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक जांच और उपचार से जोड़ा जाएगा। इस बार अभियान की विशेषता यह है कि शासन के निर्देश पर प्रत्येक टीम घर-घर जाकर नागरिकों की आभा आईडी भी बनाएगी। आभा आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड आवश्यक होगा तथा पंजीकरण के दौरान मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी साझा करना होगा।

## अनुज शर्मा ने चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए फॉर्म 17डी बनाने का सुझाव दिया


**प्रतीक भार्गव**


**नई दिल्ली।** महात्मा हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और वोटिंग प्रतिशत में कथित गड़बड़ियों को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

अनुज शर्मा ने प्रस्ताव रखा है कि वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले फॉर्म 17डी की तर्ज पर एक नया फॉर्म 17डी बनाया जाए। उनका कहना है कि चुनाव के दौरान ईवीएम में पड़े कुल वोटों के आंकड़े सार्वजनिक करने से मतदान प्रतिशत से जुड़ी शंकाओं और विवादों को कम किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मौजूदा व्यवस्था में राजनीतिक दलों को केवल ईवीएम में पड़े वोटों के आंकड़ों की आवश्यकता होती है, लेकिन फॉर्म 17डी में कई संवेदनशील जानकारियां भी शामिल होती हैं। इनमें विधानसभा और बूथ का नाम, ईवीएम का नंबर तथा ऐसे मतदाताओं के विवरण शामिल होते हैं जिन्होंने पंजीकरण के बावजूद मतदान नहीं किया। यही कारण है कि चुनाव आयोग इसे सार्वजनिक रूप से अपनी वेबसाइट पर अपलोड नहीं करता।

अनुज शर्मा के अनुसार प्रस्तावित फॉर्म 17डी में केवल सीमित और आवश्यक जानकारी ही दर्ज होगी, जैसे–राज्य का नाम, विधानसभा क्षेत्र का क्रमांक, बूथ क्रमांक, ईवीएम में पड़े कुल वोटों की संख्या तथा बूथ एजेंट और बूथ अधिकारी के हस्ताक्षर। इस फॉर्म में न तो ईवीएम नंबर होगा और न ही मतदाताओं से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी, जिससे किसी तरह के विवाद या दुरुपयोग की संभावना कम होगी।








उन्होंने कहा कि यदि यह फॉर्म लागू किया जाता है तो चुनाव आयोग इसे आसानी से अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है। इससे सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को मतदान के सटीक आंकड़े उपलब्ध होंगे और वोटिंग प्रतिशत में गड़बड़ी या आंकड़े बढ़ाने जैसे आरोपों को भी रोका जा सकेगा।

अनुज शर्मा ने दावा किया कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने इस सुझाव को गलत नहीं बताया है और अधिकांश दलों ने इसे सकारात्मक पहल माना है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने और संभावित वोटिंग गड़बड़ियों को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

# रहम ने आईआरसीटीसी के साथ साहिबाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किए

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**





**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत साहिबाबाद क्षेत्र के करेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रत्येक माह की 1, 8, 16 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को पोषण प्रोटीन पूरक आहार और जूस वितरित किए जाते हैं। यह सेवा अप्रैल 2025 से लगातार संचालित हो रही है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना और मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का नेतृत्व आईआरसीटीसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। यह आयोजन इस श्रृंखला का 38वां पोषण वितरण प्रोजेक्ट रहा, जो सभी सहभागी संस्थाओं की मातृ स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में रोटेरियन प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर), विक्रम सिंह (रहम फाउंडेशन टीम), डॉ. विश्वकर्मा (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) तथा श्रीमती प्रेमलता सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम रहम फाउंडेशन, डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन तथा सहयोगी रोटरी क्लबों का एक प्रमुख और निरंतर प्रकल्प है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण उपलब्ध कराना, सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ गर्भावस्था के लिए सहयोग प्रदान करना है।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

## साहिबाबाद में स्वास्थ्य शिविर व संचारी रोगों के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित

**मनीषा भार्गव**





**गाजियाबाद।** रहम फाउंडेशन और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से साहिबाबाद स्थित सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 'संचारी रोगों को हराना है' विषय पर जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार करना था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को पोषण प्रोटीन पूरक आहार और जूस भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व आईआरसीटीसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

यह आयोजन इस श्रृंखला का 12वां जागरूकता अभियान रहा, जो सभी सहभागी संस्थाओं की मातृ स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### रहम फाउंडेशन द्वारा इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के सहयोग एवं 12 रोटरी क्लबों के समर्थन से

## भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण सहायता वितरित















**प्रतीक भार्गव**

**नोएडा।** आरएचएएम फाउंडेशन के सहयोग से इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) तथा 12 रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयास से भंगेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), नोएडा में 25 तपेदिक (टीबी) मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार वितरित किया गया।

इस सेवा कार्यक्रम का नेतृत्व आईआरसीटीसी द्वारा किया गया, जिसमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफ्रन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम एवं रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह पहल एक निरंतर चलने वाली मासिक एवं साप्ताहिक सेवा परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य तपेदिक से पीड़ित मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक नोएडा जनपद में लगभग 3,600 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। आयोजकों के अनुसार इस सतत प्रयास का मुख्य उद्देश्य मरीजों को उचित पोषण और देखभाल उपलब्ध कराते हुए भारत से तपेदिक (टीबी) के उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य में सक्रिय योगदान देना है।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act.
Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.